राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 11 फरवरी 2015 को आयोजित बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 11 फरवरी 2015 को प्रात: 11.30 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम बैठक मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्ट्रीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यांवयन समिति के सदस्य

श्री एस के सोनी, अध्यक्ष

श्री एम के गुप्ता, सदस्य

श्री आर पिपलोनिया, सदस्य

श्रीमति मीनक्षी गर्ग, सदस्य

श्री एन नल्लारसन, सदस्य

श्री समीर सक्सेना, सदस्य,

श्री अशोक मारवाह, सदस्य

श्री हरीश राठौर, सदस्य

श्री अनिल मेहता, नोडल अधिकारी(राजभाषा)

1.0 सर्वप्रथम नोडल अधिकारी ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया |

2.0 अध्यक्ष महोदय ने गत बैठक की समीक्षा की और राजभाषा हिन्दी में किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और सभी विभागाध्यक्षों से अपने अपने विभाग में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने को बढ़ावा देने हेतु आग्रह किया |

3.0 आर ई सी विभाग में तैनात नोडल अधिकारी, श्री कैलाश चंद सैनी, वरिष्ठ अभियंता द्वारा नियंत्रण कक्ष में किए गए हिन्दी के कार्यों की प्रशंसा की व आर ई सी विभाग में भी उसी तरह सभी कार्यालीन कार्यों को हिन्दी में करने हेतु अनुरोध किया |

4.0 वित्त विभाग से जारी होने वाले चेकों को भी हिन्दी में भरे जाने का आश्वासन दिया |

5.0 सामग्री व पी एस डी एफ विभाग को भी सभी निविदाएँ हिन्दी में जारी करने हेतु कहा गया व साथ साथ पी एस डी एफ द्वारा जारी होने वाले पत्रों को भी हिन्दी में भेजने हेतु आग्रह किया गया |

6.0 श्री एन नल्लारसन को मानचित्रों की एटलस को हिन्दी में रूपांतरित करवाने हेतु बधाई दी जिसका अनावरण 17 फरवरी 2015 को सचिव, विद्युत मंत्रालय द्वारा किया जाना है |

7.0 सूचना प्रद्योगिकी विभाग को अंतर राज्य मानचित्र पर उड़ीसा और तमिलनाडू राज्य दिखने पर उसके सभी सबस्टेशनों के नाम क्षेत्रीय भाषा में भी दिखाई दें, इस पर कार्य करने हेतु आग्रह किया गया |

8.0 अध्यक्ष महोदय ने महाप्रबंधक (केंद्रीय आयोजना एवं संविदा विभाग) के स्थान पर श्री आर पिपलोनिया को सदस्य के रूप में मनोनीत करने हेतु अपना अनुमोदन दिया |

9.0 अध्यक्ष महोदय ने तकनीकी शब्दावली के शब्दों को सूचना प्रद्योगिकी विभाग को पोसोको की वेबसाईट के साथ साथ क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्रों की वेबसाईटों पर लोड करने हेतु कहा | इसके अलावा तकनीकी शब्दों को नियंत्रण कक्ष में बाहरी जाने वाली लागबुक के पीछे सल्ग्न करने हेतु कहा जिससे लागबुक भरते हुए हिन्दी के शब्दों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा सके |

10.0 अध्यक्ष महोदय ने अखिल भारतीय मानचित्र पर भी एक क्लिक करने से सभी स्टेशनों व राज्यों के नाम हिन्दी में आ जाएँ जिससे हिन्दी भाषी को कार्य करने में जंहा आसानी हो, इस पर सूचना प्रद्योगिकी विभाग को कार्य करने हेतु आग्रह किया |

11.0 अध्यक्ष महोदय ने एक अलमारी खरीदने और रूप्य 10,000/- की हिन्दी किताबें खरीदने हेतु भी अपना अनुमोदन दिया |

12.0 जनवरी से मार्च 2015 तिमाही में हिन्दी कार्यशाला के साथ साथ एक कवि गोष्ठी एन आर पी सी हाल में पोसोको कार्यालय और ऊतरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र के सभी कार्मिकों हेतु आयोजित कराने हेतु भी अपना अनुमोदन दिया |

13.0 अंत में नोडल अधिकारी(राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने हेतु धन्यवाद दिया |

अवलोकानार्थ व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मेहता
11/2/15

(अनिल मेहता)
कार्यपालक सचिव(मा.सं)
दिनांक 11 फरवरी 2015

मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन) 11/2/15

कार्यपालक निदेशक(रा भा प्रे के) 13.2.15

मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पोसोको) 17/2/15